**सत्र : 2025-26**

**मॉडल टेस्ट पेपर**

**समय - 3 घंटे** **कक्षा-दसवीं,** **विषय -हिंदी** **कुल अंक = 80**

**भाग-क**

**प्रश्न-1. (I) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में सही विकल्प को चुनें-** **5x1=5**

(i) 'अति + अंत शब्दों में संधि का सही विकल्प चुनकर लिखिए -

(क ) अतिअंत (ख) अत्यंत (ग) अतयंत ( घ ) अतियंत

(ii) ' परमवीर चक्र ' समस्त पद का सही समास विग्रह चुनकर लिखिए -

(क ) परमवीर का चक्र (ख) परमवीर से चक्र

(ग) परमवीर को मिलने वाला चक्र (घ) परमवीर द्वारा चक्र

(iii) सही विकल्प चुनकर ' भूलना ' शब्द की भाववाचक संज्ञा लिखिए :-

( क ) भूलेगी ( ख ) भूलने वाला ( ग ) भूलेगा ( घ ) भूल

(iv) 'कृष्ण ' शब्द का पर्यायवाची सही विकल्प चुनकर लिखिए -

(क ) देवकी नंदन (ख) राघव (ग) गोपाल ( घ ) 'क' और 'ग' दोनों सही हैं

(v) 'संस्कृत ' शब्द का विशेषण सही विकल्प चुनकर लिखिए -

(क ) संस्कार (ख) संस्कृति (ग) सांस्कृतिक ( घ ) संस्कृतिक

**(II) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में सही विकल्प को चुनें-** **4 x1=4**

(i) बिहारी जी के अनुसार किसका साथ शोभा देता है ? 'नीति के दोहे' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(क ) अलग-अलग गुण और अलग-अलग स्वभाव वाले लोगों का साथ

(ख) एक जैसे गुण और अलग-अलग स्वभाव वाले लोगों का साथ

(ग) एक जैसे गुण और एक जैसे स्वभाव वाले लोगों का साथ

(घ) थोड़े से मिलते हुए गुण और पूरी तरह से अलग स्वभाव वाले लोगों का साथ

(ii) 'गाता खग' कविता के अनुसार फूल हमें क्या संदेश देते हैं ?

( क) रोने का ( ख) मुरझाने का ( ग) सोने का ( घ) सदा मुस्कराने का

(iii) 'अशिक्षित का हृदय ' पाठ के अनुसार बूढ़े मनोहर सिंह का नीम का पेड़ किसके पास गिरवी था ?

(क ) ठाकुर शिवपाल सिंह (ख) तेजा सिंह (ग) मज़दूर ( घ) मनोहर सिंह के पिता

(iv) 'नर्स ' पाठ के अनुसार महेश किस सिस्टर से घुल मिल गया था ?

(क ) मरींडा ( ख) मांजरेकर (ग) सूसान ( घ ) सरस्वती

**(III) 'हमारी बिल्ली हमीं से म्याऊँ ' लोकोक्ति का क्या अर्थ है?सही विकल्प चुनें- 1 x1=1**

(क) सहायता प्रदान करने वाले को न धमकाना

(ख) हमारी बिल्ली का दूसरों के कहने से म्याऊँ- म्याऊँ की आवाज़ निकालना

(ग) हमारी बिल्ली का हमारे कहने से ही म्याऊँ- म्याऊँ की आवाज़ निकालना

(घ) सहायता प्रदान करने वाले को ही धमकाना

**(IV) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 5 x1=5**

कविवर रवींद्रनाथ टैगोर को नोबल पुरस्कार मिला। देश-विदेश से बधाई के संदेश आए। उनके पड़ोसी ने उन्हें बधाई नहीं दी। टैगोर को यह व्यवहार अखरा लेकिन उन्होंने उसे भुलाने की कोशिश की, पर भुला नहीं पाए। बार-बार उनके सामने उसका चेहरा आ जाता था। वह जब-जब उसके बारे में सोचते तब-तब क्रोध से भर जाते। अगली सुबह वह समुद्र के किनारे टहल रहे थे। सूर्य की किरणों में सागर चाँदी-सा चमक रहा था। तभी उनकी नज़र करीब ही पानी से भरे गड्ढे पर पड़ी। वहाँ भी सूर्य की किरणें बराबर पड़ रहीं थीं। तभी उन्हे ख्याल आया कि सूर्य ने तो सब पर बराबर किरणें फैलाई हैं। उसने तो समुद्र और गड्ढे में कोई अंतर नहीं किया। टैगोर को अपनी गलती का अहसास हुआ कि यदि दूसरा अपनी उदारता छोड़ रहा है तो वे क्यों छोड़ें? तत्काल उन्होंने उसके घर जाकर उनके चरण-स्पर्श किए। उसकी आँखें गीली हो गईं। वह बोला कि आप जैसे देवतुल्य को यह पुरस्कार मिलना ही चाहिए था। यह कहकर उसने टैगोर के चरण-स्पर्श किए। दोनों के बीच की दूरी मिट गई। उन्हें ज्ञात हो गया था कि जीवन में क्रोध सद्गुणों का नाशक होता है।अत: जीवन में कभी भी क्रोध नहीं करना चाहिए।

(क) रवींद्रनाथ को पड़ोसी का व्यवहार क्यों अखरा?

(ख) पड़ोसी के व्यवहार से टैगोर का व्यवहार किस प्रकार प्रभावित हो रहा था?

(ग) पड़ोसी ने अपने व्यवहार की भूल किस प्रकार सुधारी?

(घ) 'पुरस्कार' शब्द का क्या अर्थ है ?

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का केन्द्रीय भाव लिखें।

**(V) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - 5 x1=5**

(i) समरूपी भिन्नार्थक शब्द 'अचल-अचला' में 'अचल' का अर्थ ------------है और 'अचला' का अर्थ ------------ है। सही उत्तर से रिक्त स्थान भरें।

(ii) 'जिसका आचरण बुरा हो' अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के निम्नलिखित में से सही शब्द के साथ रेखा खींचकर मिलान कीजिए :-

जिसका आचरण बुरा हो (क) सदाचारी
(ख) दुराचारी
(ग) अल्पाहारी

(iii) 'उगलना' शब्द का विलोम (विपरीत) शब्द..........................है। सही उत्तर से रिक्त स्थान भरें।

(iv) निम्नलिखित विकल्पों में से 'उत्तर' शब्द के अनेकार्थी (अनेकार्थक) शब्द का सही विकल्प के साथ रेखा खींचकर मिलान कीजिए।

उत्तर (क) बाद का, उत्तर दिशा, जवाब
(ख) बाद का, किरण, सारा
(ग) जवाब, नीचे उतरना, प्रतिकार

(v) 'सिपाही ने युद्ध में प्राण की बाज़ी लगा दी' इस अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखें।

## भाग-ख

**प्रश्न-2. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें- 4 x1=4**

बसौ मेरे नैनन में नन्द लाल।
मोहनि मूरति साँवरी सूरति नैना बनै विसाल।
मोर मुकुट मकराकृत कुंडल अरुण तिलक दिये भाल।
अधर सुधारस मुरली राजति उर वैजन्ती माला।
छुद्र घंटिका कटि तट सोभित नुपूर शब्द रसाल।
मीरा प्रभु सन्तन सुखदाई भक्त बछल गोपाल।।

**अथवा**

करके मीन मेख सब ओर,
किया करें बुध वाद कठोर,
शाखामयी बुद्धि तजकर वे मूल धर्म धरते हैं
हम राज्य लिए मरते हैं।

**प्रश्न-3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दें - 6 x1=6**

(i) शल्य कौन था ? 'मैं और मेरा देश ' निबंध के आधार पर एक वाक्य में उत्तर दें।

(ii) 'सदाचार का तावीज़' निबन्ध में साधु ने तावीज़ का प्रयोग किस पर किया ? एक वाक्य में उत्तर दें।

(iii) 'ममता' कहानी के अनुसार ममता कौन थी ?

(iv) 'अशिक्षित का हृदय' कहानी के अनुसार मनोहर सिंह ने रुपये लौटाने की मोहलत कब तक की माँगी थी?

(v) 'सूखी डाली' एकांकी में दादा जी की पोती इन्दु ने कहाँ तक शिक्षा प्राप्त की थी।

(vi) ' देश के दुश्मन ' एकांकी में नीलम की बेटी कौन थी ?

**प्रश्न-4 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दें- 4 x2=8**

(i)' नर्स ' कहानी में सिस्टर सूसान ने महेश को अपने बेटे के बारे में क्या बताया ?

(ii) बसंती की आँखों में आँसू क्यों आ गए ? ' माँ का कमरा ' लघुकथा के आधार पर उत्तर दें।

(iii) साधुओं की संगति में रहकर गुरु नानक देव जी ने कौन-कौन से ज्ञान प्राप्त किए ? 'श्री गुरु नानक देव' निबंध के आधार पर उत्तर दें।

(iv) हम अपने देश के सौन्दर्य बोध को किस प्रकार चोट पहुँचाते हैं ? ' मैं और मेरा देश' निबंध के आधार पर उत्तर दें।

(v) कर्मचंद ने दादा जी को छोटी बहू बेला के विषय में क्या बताया ? 'सूखी डाली ' एकांकी के आधार पर उत्तर दें।

(vi) ' देश के दुश्मन ' एकांकी में जयदेव ने अपनी छुटटी कैंसिल क्यों करा दी थी ?

**प्रश्न- 5 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर छह या सात पंक्तियों में दें-** **3 x4=12**

(i) 'अशिक्षित का हृदय ' कहानी के आधार पर मनोहर का चरित्र चित्रण करे।

(ii) 'दो कलाकार' कहानी के शीर्षक की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'मैं और मेरा देश' निबंध में लेखक ने देश के नागरिकों को चुनावों में किन बातों की ओर ध्यान देने के लिए कहा है ?

(iv) 'क्या वह सांचा टूट गया जिसमें ऐसे कठिन कोमल चरित्र ढलते थे।' 'राजेंद्र बाबू' निबंध के आधार पर आशय स्पष्ट करें।

(v) डी.सी.को अपने मित्र जयदेव और उसके परिवार पर गर्व क्यों होता है ? 'देश के दुश्मन ' एकांकी के आधार पर उत्तर दें।

## भाग-ग

**प्रश्न-6 निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद करें -** **4**

ਪੂਰੀ ਦੁਨੀਆਂ ਵਿੱਚ 8 ਮਾਰਚ ਦਾ ਦਿਨ ਮਹਿਲਾ ਦਿਵਸ ਵਜੋਂ ਮਨਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਸਰਕਾਰਾਂ ਵਲੋਂ ਔਰਤਾਂ ਦੇ ਵਿਕਾਸ ਲਈ ਨੀਤੀਆਂ ਬਣਾਈਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਲੜਕੀਆਂ ਦੀ ਸਿੱਖਿਆ ਵੱਲ ਵਿਸ਼ੇਸ਼ ਤੌਰ 'ਤੇ ਧਿਆਨ ਦਿੱਤਾ ਜ ਰਿਹਾ ਹੈ।

## भाग-घ

**प्रश्न-7. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए-** **4 x1=4**

(i) आपका नाम अमिताभ है। आपका सेक्टर- 17 चंडीगढ़ में बहुत बड़ा पाँच सितारा होटल है। आपका मोबाइल नम्बर 1354456695 है। आपको अपने होटल के लिए एक मैनेजर की आवश्यकता है। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'मैनेजर की आवश्यकता है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

(ii) आपका नाम अनुकान्त कौशल है। आप दयानन्द पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ में पढ़ते है। आप दसवीं कक्षा के प्रतिनिधि छात्र है। आपकी कक्षा का एक छात्र-दल दिनांक 14.09.2025 को शैक्षिक भ्रमण हेतु चंडीगढ़ गया था , जहाँ उन्होंने रोज़ गार्डन व रॉक गार्डन के साथ-साथ पंजाब विश्वविद्यालय की सैर की। इस आधार पर प्रतिवेदन लिखिए।

## भाग-ङ

**प्रश्न-8. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन मुहावरों/लोकोक्तियों को वाक्यों में इस तरह प्रयोग करें कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए :** **3 x1=3**

(i) फूल झड़ना (ii) रुपया पानी में फेंकना

(iii) बंदर घुड़की, गीदड़ धमकी (iv) का वर्षा जब कृषि सुखाने

## भाग-च

**प्रश्न-9. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए-** **7 x1=7**

(i) आपका नाम अरविन्द कुमार है। आप मकान नंबर 125,मयूर विहार,पानीपत के निवासी हैं। सेवा सदन हाई स्कूल, दिल्ली के प्रिंसिपल की ओर से 'डाटा एन्ट्री ऑपरेटर' के पद का

विज्ञापन दिया है। आप स्कूल के प्रिंसिपल को 'डाटा एन्ट्री ऑपरेटर' के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन/प्रार्थना पत्र लिखिए।

(ii) आपका नाम विराट कुमार है। आप मकान नंबर 342, शिवाजी नगर, मुम्बई में रहते हैं। आपका मोबाइल नंबर 1865899076 है । आप मुम्बई के ' जनचेतना ' समाचार पत्र के मुख्य सम्पादक के नाम सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने के सुझाव सम्बन्धी पत्र लिखिए ।

**प्रश्न-10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 7 x1=7**

(i) जनसंचार के माध्यम (ii) मैंने लोहड़ी का त्योहार कैसे मनाया ?

(iii) कोचिंग संस्थानों का बढ़ता जंजाल

**प्रश्न-11. निम्नलिखित में से किसी एक प्रपत्र को अपनी उत्तर पुस्तिका पर निर्देशानुसार उतारकर भरें- 5 x1=5**

(i) मान लें कि आपका नाम ज़ीनत अमान है। आपका भारतीय डाक के सेक्टर-17, चंडीगढ़ में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 2673455623 है । आपको अपने इस खाते में से दिनांक 24.7.2025 को 6600/-रुपए निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें-

रुपए निकलवाने का फार्म (जमाकर्ता द्वारा भरा जाए)

डाकघर का नाम : सेक्टर-17,चंडीगढ़

बचत बैंक आहरण प्रपत्र

दिनांक :-------------------------

बचत खाता नम्बर -------------------------------------------------------------- ------------

कृपया मुझे-----------------------रु.(रुपए अंकों में)--------- ----------------------------- ---

( रुपए शब्दों में) का भुगतान करें ।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर ----------------------------------

(ii) मान लीजिए आपका नाम जेठा लाल है। आपका पता है-मकान नम्बर -122, सेक्टर-13, चंडीगढ़ है। आपको 6924 शताब्दी एक्सप्रेस से दिनांक 24 .05.2023 को चंडीगढ़ से दिल्ली तक यात्रा करनी है। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतारकर भरें।

गाड़ी संख्या और नामः 6924 शताब्दी एक्सप्रेस

यात्रा की तारीखः-----------------------

यात्रा आरंभ करने का स्टेशनः-----------------से----------------स्टेशन तक आरक्षण

नाम व पता--------------------------------------------------------------------------------

आवेदक के हस्ताक्षरः-----------------------

xxxxx---------xxxxxx